हैजा का प्रकोप

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भिंड ज़िले के फूप कस्बे में सहसा** [हैजा संक्रमण](#) से **आमजनों में दहशत** फैल गई, जिसके परिणामस्वरूप दूषित जल पीने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और लगभग 70 अन्य बीमार हो गए।

मुख्य बिंदु:

- पाइपलाइन से आपूर्ति किये गये दूषित जल को पीने से क्षेत्र के निवासी हैजा संक्रमण के शिकार हो गये।
- सूत्रों के अनुसार, इलाके में चल रहे सिविल कार्य के कारण **सीवेज का जल पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन में घुस गया। जल अत्यधिक दूषित हो गया और** उसमें से दुर्गंध आने लगी।
- ज़िला मजिस्ट्रेट ने बताया कि **स्थिति नियंत्रण में है और मरीजों की हालत स्थिर है।**
  - **पाइपलाइन लीकेज को ठीक कर दिया गया है** और अब तीनों वार्डों में **स्वच्छ जल की आपूर्ति की जा रही है**
  - **जल की जाँच सहित स्थिति पर नजर रखने के लिये डॉक्टरों की एक टीम** भी तैनात की गई है।

हैजा

- **परिचय:**
  - हैजा, एक **जल जनित बीमारी** है **जो मुख्य रूप से विब्रियो कोलेरा बैक्टीरिया स्ट्रेन O1 और O139 के कारण होती है,** जो विश्व भर में एक बहुत बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है।
    - स्ट्रेन O1 प्रकोप का प्रमुख कारण है, O139 की घटनाएँ यदा-कदा होती हैं और अधिकतर एशिया तक ही सीमित हैं।
  - यह **आँत के संक्रमण के कारण होने वाली एक तीव्र दस्त रोग** है।
  - इसका **संक्रमण प्रायः हल्का या बिना लक्षणों वाला** होता है, लेकिन कभी-कभी गंभीर हो सकता है।
- **लक्षण:**
  - **अत्यधिक दस्त, उल्टी/वमन, पैर में**
- **संचरण:**
  - एक व्यक्ति **हैजा के जीवाणु से दूषित जल पीने या भोजन खाने से हैजा से संक्रमित** हो सकता है।
  - यह बीमारी **उन क्षेत्रों में तेज़ी से फैल सकती है जहाँ सीवेज और पेय जल का अपर्याप्त उपचार** किया **जाता है।**
- **वैक्सीन:**
  - वर्तमान में **तीन WHO प्री-क्वालिफाइड ओरल हैजा वैक्सीन (OCV) हैं : डुकोरल, शांचोल** और **यूविकोल-प्लस।** तीनों वैक्सीन को पूर्ण सुरक्षा के लिये दो खुराक की आवश्यकता होती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cholera-outbreak-2